span>

Title: Regarding need to undertake electrification of all the villages under Rajiv Gandhi Grameen Vidyutikaran Yojana in Pratapgarh district, Uttar Pradesh.

**कॅंवर हरिवंश सिंह (प्रतापगढ़) :** मेरे लोक सभा क्षेत्रान्तर्गत प्रतापगढ़ (उ.प्र.) जिले में "राजीव गांधी विद्युत ग्रामीण योजना" के अंतर्गत पावर ग्रिड कार्पोरेशन द्वारा संचालित कार्यदायी संस्था व ठेकेदारों, जिनकों जुलाई 2015 तक 639 ग्रामों में विद्युतीकरण कार्य योजना को पूर्ण करने का लक्ष्य दिया गया था, कार्यदायी संस्था का कार्य संतोÂ◌ाजनक नहीं है।

प्रतापगढ़ जिले में आयोजित जिला निगरानी सतर्कता समिति की बैठक में पावर ग्रिड द्वारा जो मौखिक तथ्यों द्वारा मिली सूचना अनुसार 165 करोड़ रूपए की इस कार्य योजना के सापेक्ष में 30 करोड़ रूपए प्रथम में एवं द्वितीय में 90 करोड़ रूपए के प्रस्तावों को ही मंजूरी दी गई, अवशेÂ◌ा राशि 45 करोड़ रूपए के प्रस्ताव लिए ही नहीं गए। इस योजना के अवशेÂ◌ा 45 करोड़ रूपए के सापेक्ष में संलग्न नए ग्रामों की सूची कार्यवाही हेतु पावर ग्रिड द्वारा प्रस्तुत किया गया। नए प्रस्ताव में से छूटे हुए ग्रामों को सम्मिलित करते हुए अवशेÂ◌ा 45 करोड़ रूपए की धनराशि समयावधि में उपयोग में लाने हेतु आवश्यक निर्देश पावर ग्रिड को दिया जाए। पावर ग्रिड अधिकारियों द्वारा मुझे कोई सही जानकारी नहीं दी जा रही है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा तत्काल जाँच कराई जाए।

अतः केंद्र सरकार से मेरा आग्रह है कि पावर ग्रिड अधिकारियों की एक बैठक तत्काल बुलाकर पूर्ण जानकारी मुझे प्राप्त कराते हुए मानक के अनुरूप निर्धारित समयावधि में कार्य पूरा करने का निर्देश करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएं, जिससे संपूर्ण धनराशि का सही उपयोग हो सके व नई योजना "दीनदयाल उपाध्याय" में उन मजरों का भी सर्वे हो सके, जिनमें विद्युतीकरण का कार्य नहीं हो सका।